नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में ध्वजारोहण

वर्धा , 15 अगस्त 2019: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में भारत संघ के73वें स्वतंत्रता दिवस पर कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण से पहले उन्होंने गांधी हिल्स पर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अभिवादन किया । गांधी हिल्स पर आयोजित

चरखा यज्ञ में सहभागिता कर उन्होंने चरखा भी चलाया। अनुवाद एवं निर्वचन विद्यापीठ भवन के प्रांगण में ध्वजारोहण के बाद उपस्थितों को संबोधित करते हुए उन्होंने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में शहीद हुए जवानों का अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि हर क्षण भारत मां के लिए जिने का अवसर प्रत्येक भारत मां के बेटे बेटियों को प्राप्त करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि पुण्यतम अवसर को हम अपने मुक्ति की,

अपनी आज़ादी, देश की तथा दु निया में सर्वत्र दासता की आज़ादी के अवसर के रूप में यदि निर्मित करेंगे

तो कोई कारण नहीं है जो स्वप्न, हमारे स्वतंत्रता सेनानियों और हमारे नेताओं ने देखा था उसको न प्राप्त न करें।

अपने संबोधन के प्रारंभ में कुलपति ने विश्वविद्यालय से जुड़े सभी शैक्षणिक, गैर-शैक्षणिक कर्मियों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों और गणमान्य नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।